				लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले इन समुदायों के अभ्यर्थी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं हो सकेंगे।			और अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों के मामले में, उस दशा में, शिथिल की जा सकती है/(हैं), जब कि चयन के किसी प्रक्रम पर संघ लोक सेवा आयोग की यह राय है कि इनके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले इन समुदायों के अभ्यर्थी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं हो सकेंगे। टिप्पण 3 : ठीक शैक्षिक अर्हताओं और अपेक्षित अनुभव के बारे में प्रत्येक भर्ती के समय उपदर्शित किया जाएगा। वांछनीय : (i) किसी हाई/हायर सेकेण्डरी स्कूल या इंटर मीडिएट कालेज के प्रशासनिक भारसाधन का अनुभव। (ii) खेलों में प्रवीणता। (iii) सैनिक/प्रशिक्षण/यूथ्रोटीसी/एन सी सी/स्काउटिंग का अनुभव।

9	10	11	12	13	14
आयु । नहीं शैक्षिक अर्हताएं : किन्तु किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की संबद्ध विषय में कम से कम स्नातकोत्तर उपाधि या समतुल्य अवश्य हो	2 वर्ष	66 2/3 प्रतिशत प्रोन्नति द्वारा, जिसके न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा। 33 1/3 प्रतिशत सीधे भर्ती द्वारा टिप्पण : प्रोन्नति विषयानुसार की जाएगी।	'प्रोन्नति सैनिक स्कूलों के ऐसे सहायक अध्यापक जिन्होंने उस श्रेणी में 5 वर्ष नियमित सेवा की है और जिन्हें संबद्ध विषय में अध्यापन का लगातार अनुभव है और जिनकी उस श्रेणी में ज्येष्ठता नियत है।	प्रोन्नति और साथ ही साथ विभागीय प्रोन्नति और सीधे भर्ती किए गए व्यक्तियों की पुष्टि पर विचार करने के लिए समूह 'ख' विभागीय प्रोन्नति समिति में निम्नलिखित होंगे— 1 संयुक्त सचिव (जी) —अध्यक्ष 2 मुख्य प्रशासनिक अधिकारी —सदस्य 3 निदेशक, सैनिक शिक्षा स्थल सेना मुख्यालय —सदस्य टिप्पण : पुष्टि से संबंधित विभागीय प्रोन्नति समिति की कार्यवाहियां, आयोग के अनुमोदनार्थ भेजी जाएगी। किन्तु यदि आयोग इनका अनुमोदन नहीं करता है तो विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष या किसी सदस्य की अध्यक्षता में फिर से होगी।	सीधी भर्ती किए जाते समय और इन नियमों के किसी उपबंध को संशोधित/शिथिल करने-समय संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श आवश्यक है।

[एम एफ का पी सी सं० 3/(सं० 70580/74/जी एस/एम टी 15(क)]

एम० सी जुनेजा, अवर सचिव

New Delhi, the 27th August, 1981

S.R.O. 245.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the posts of Principal (Group 'A') and Master (Gazetted) (Group 'B') in the Military Schools, namely :—

1. Short title and commencement :—(1) These rules may be called the Principal (Group 'A') and Master (Gazetted) (Group 'B') Military Schools, Recruitment Rules 1981.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Number of posts, classification and scale of pay :—The number of the said posts, their classification and the scale of pay attached thereto shall be as specified in columns 2 to 4 of the Schedule annexed to these rules.

3. Method of recruitment, age limit and other qualification etc :—The method of recruitment, age-limit, qualification and other matters relating to the said posts shall be as specified in columns 5 to 14 of the Schedule aforesaid.

4. Disqualification :—No person,—

(a) Who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who, having a spouse living has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post.

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. Power to relax :—Where the Central Government is of opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing and in consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. Saving :—Nothing in these rules shall affect reservations, relaxation of age limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

7. Repeal and Saving :—Any rules corrsponding to these rules and in force immediately before the commencement of these rules are hereby repealed :

Provided that any order made or action taken under the rules so repealed shall be deemed to have been made or taken under the corresponding provisions of these rules.

SCHEDULE

Name of Post	No. of posts	Classification	Scale of pay	Whether selection post or non-Selection post	Age limit for direct recruitments.	Whether benefit of added years of service admissible under rule 30 of the C.C.S. (Pension) Rules, 1972	Educational and other qualifications required for direct recruits
1	2	3	4	5	6	7	8
Principal, Military Schools	5	Civilian in Defence Services Group 'A' Gazetted.	Rs. 1200-50-1600	Selection	Not exceeding 45 years. (Relaxable for Government servants) (Note:—The crucial date for determining the age limit shall be the closing date for receipt of applications from candidates in India (other than those in the Andaman and Nicobar Islands and Lakshadweep).	No	Essential : (i) At least Second Class Master's Degree of a recognised University or its equivalent. (ii) Degree/Diploma in Teaching or Education from a recognised Institution or equivalent. (iii) 10 Years' experience of teaching in High or Higher Secondary School or an Intermediate College. Note 1 : Qualifications are relaxable at the discretion of the U.P.S.C. in case of candidates otherwise well qualified. Note 2 : The qualification(s) regarding experience is/are relaxable at the discretion of the UPSC in the case of candidates

1	2	3	4	5	6	7	8
							belonging to the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes, if at any stage of selection, the UPSC is of the opinion that sufficient number of candidates from these communities possessing the requisite experience are not likely to be available to fill up the vacancies reserved for them. Desirable : (i) Experience in administrative charge of a recognised High/ Higher Secondary School or Intermediate College. (ii) Proficiency in games. (iii) Experience of Military Training/UOTC/ NCC/Scouting.

Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees.	Period of Probation, if any.	Method of rectt. whether by direct rectt. or by promotion or by deputation/ transfer & percentage of the vacancies to be filled by various methods.	In case of rectt. by promotion/ deputation/transfer, grades from which promotion/deputation/transfer to be made.	If a DPC exists what is its composition.	Circumstances in which UPSC is to be consulted in making rectt.
9	10	11	12	13	14
No	2 years.	20% by promotion, failing which by direct recruitment, 80% by direct recruitment.	Promotion : Master (Gazetted) in the Military Schools with 10 years' regular service in the grade.	(i) Group 'A' DPC for considering promotion consisting of— 1. Chairman/member, UPSC— Chairman. 2. Joint Secretary Ministry of Defence— Member. 3. Director, Army Education— Member. (ii) Group 'A' DPC (for considering confirmation of direct recruits) consisting of — 1. Chairman/Member, UPSC— Chairman. 2. Joint Secretary Ministry of Defence from Adm. concerned— Member.	Consultation wtih UPSC necessary while making direct recruitment, promotion and amending/relaxing any of the provisions of these rules.

13	14
	3. Director, Army Education, Army Headquarters.— Member.
	Note :—The proceedings of the DPC relating to confirmation shall be sent to the Commission for approval. If, however, these are not approved by the Commission, a fresh meeting of the DPC to be presided over by the Chairman or a Member of the UPSC shall be held.

[PC No. 3 to MF/No. 70580/74/GS/MT 15(a)]
M. C. JUNEJA, Under Secy

नई दिल्ली, 29 अगस्त, 1981

का०नि०आ० 246.— राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन समूह 'ग' अराजपत्रित (तकनीकी वैज्ञानिक और अन्य अलिपिक वर्गीय) पद भर्ती नियम, 1968 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते है, अर्थात :—

1 (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन, समूह 'ग' अराजपत्रित (तकनीकी, वैज्ञानिक और अन्य अलिपिकवर्गीय) पद भर्ती (दूसरा संशोधन) नियम 1981 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2 रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन समूह 'ग' अराजपत्रित (तकनीकी, वैज्ञानिक और अन्य अलिपिक वर्गीय) पद भर्ती नियम, 1968 की अनुसूची में,—

(1) चार्जमैन श्रेणी 1 के पद से संबंधित क्रम सं० 6 के सामने,—

(i) स्तम्भ 11 में विद्यमान प्रविष्टि के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टि रखी जाएगी, अर्थात—
"प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा',

(ii) स्तम्भ 12 में, अंत में, 'सेवा की है', शब्दों के पश्चात निम्नलिखित अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात:—
'और 425-700 रु० के वेतनमान में सूक्ष्म यांत्रिक जिसने उस श्रेणी में तीन वर्ष की नियमित सेवा की है।"

(2) पर्यवेक्षक तकनीकी पद से संबंधित क्रम सं० 8 के सामने स्तम्भ 8 में विद्यमान प्रविष्टि के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टि रखी जाएगी, अर्थात:—
"अपेक्षित विषय में इंजीनियरी या प्रोद्योगिकी में उपाधि।

या

भौतिकी रसायन और गणित के साथ विज्ञान में स्नातक की उपाधि।

या

मैट्रिकुलेशन और उन मदों के लिए जिसके लिए उस क्षेत्र में अर्हता अपेक्षित केंद्रीय का राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से कटाई और सिलाई में डिप्लोमा या प्रमाणपत्र तथा सात वर्ष का अनुभव।"

(3) टेलीफोन आपरेटर 'श्रेणी 1' के पद से संबंधित क्रम सं० 35 क को क्रम सं० 35ख के रूप में पुन: संख्यांकित किया जाएगा और इस प्रकार पुन: संख्यांकित क्रम सं० 35ख के पूर्व निम्नलिखित प्रविष्टियां अन्त:स्थापित की जाएंगी, अर्थात :

1	2	3	4	5	6	7
"35क टेलीफोन पर्यवेक्षक	2 (कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है)	साधारण केन्द्रीय सेवा समूह 'ग' (अराजपत्रित अलिपिकवर्गीय)	425-15-500-द०रो०-15-560-20-700 रु०	प्रवरण	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

8	9	10	11	12	13
नहीं	दो वर्ष	प्रोन्नति द्वारा	टेलीफोन आपरेटर श्रेणी 1 जिसने उस श्रेणी में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् उस श्रेणी में पांच वर्ष सेवा की है	समूह 'ग' विभागीय प्रोन्नति समिति में निम्नलिखित होंगे— (क) अध्यक्ष: स्थापन या प्रयोगशाला का निदेशक या भारसाधक अधिकारी (ख) सदस्य. (i) स्थापन या प्रयोगशाला के दो ज्येष्ठ अधिकारी (जो 700-1300 रु० के वेतनमान से कम में न हो।) (ii) विभागीय प्रोन्नति समिति के विभागीय सदस्य की पंक्ति समतुल्य पंक्ति का एक अधिकारी जो विभाग से सम्बद्ध न हो। (जो 700-1300 रु० के वेतनमान से कम में न हो)।"	

टिप्पण: अधिसूचना सं० सा०का०नि०सं० 213 ता० 26-6-1968 के साथ प्रकाशित रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन समूह 'ग' अराजपत्रित (तकनीकी वैज्ञानिक और अन्य अलिपिकवर्गीय) पद भर्ती नियम, 1968 का निम्नलिखित द्वारा संशोधन किया गया है:—

(1) सा०का०नि० सं० 256, ता० 17-8-74

(2) सा०का०नि० सं० 380, ता० 16-11-74

(3) सा०का०नि० सं० 120, ता० 29-3-75

(4) सा०का०नि० सं० 211, ता० 14-6-75

(5) सा०का०नि० सं० 261, ता० 2-8-75

(6) सा०का०नि० सं० 130, ता० 29-5-76

(7) सा०का०नि० सं० 101, ता० 24-4-79

(8) सा०का०नि० सं० 356, ता० 15-12-79 और सा०का०नि० सं० 88, ता० 21-3-81

[सं० 87661/वे०न०/क०/अ०वि०-21(क)]

टी०पी० सुन्दरराजन, अवर सचिव

New Delhi, the 29th August, 1981

S.R.O. 246.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Defence Research and Development Organisation, Group 'C', Non-Gazetted, (Technical, Scientific and other Non-Ministerial) posts Recruitment Rules, 1968, namely :—

1. (1) These rules may be called the Defence Research and Development Organisation, Group 'C', Non-Gazetted (Technical, Scientific and other Non-Ministerial) posts Recruitment (Second Amendment) Rules, 1981.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Schedule to the Defence Research and Development Organisation, Group 'C', Non-Gazetted (Technical, Scientific and other Non-Ministerial) posts Recruitment Rules, 1968,—

(1) Against serial No. 6 relating to the post of Chargeman Grade I,—

(i) in column 11, for the existing entry, the following entry shall be substituted, namely :—

"By promotion, failing which by direct recruit",

(ii) in column 12, at the end after the word "grade", the following shall be inserted, namely :—

"and Precision Mechanic in the scale of Rs. 425—700, with three years' regular service in the grade".

(2) against serial number 8 relating to the post of Supervisor Technical, in column 8, for the existing entry, the following entry shall be substituted, namely :—

"Diploma in Engineering or Technology in the required subject.

OR

B.Sc. Degree with Physics, Chemistry and Mathematics.

OR

Matriculation with Diploma or Certificate in Cutting and Tailoring from a Central or State Government recognised Institute with seven years: experience, for posts requiring qualifications in that field".

(3) serial number 35A relating to the post of "Telephone Operator Grade I" shall be renumbered as serial number 35B and before serial number 35B as so renumbered, the following entries shall be inserted, namely :—

SCHEDULE

1	2	3	4	5	6	7	8
"35A. Telephone Supervisor		2 (Subject to variation depending on workload).	General Central Service, Group 'C', (Non-Gazetted, Non-Ministerial)	Rs. 425-15-500-EB-15-560-20-700.	Non-Selection	Not applicable	Not applicable

9	10	11	12	13
No	Two years	By promotion	Telephone Operator Grade-I with five years' service in the grade rendered after appointment thereto on regular basis.	Group 'C' Departmental Promotion Committee consisting of :— (a) Chairman : Director or Officer in charge of the Establishment or Laboratory. (b) Members : (i) Two Senior Officers of the Establishment or Laboratory (in the scale of pay of not less than Rs. 700-1300) (ii) An Officer equivalent to the rank of departmental member of the Departmental Promotion Committee but not concerned with the Department (in the scale of pay of not less than Rs. 700-1300)".

Note.—The Defence Research and Development Organisation, Group 'C' Non-Gazetted (Technical, Scientific and other Non-Ministerial) Posts Recruitment Rules, 1968, published with notification No. S.R.O. 213, dated 26-6-1968 have been further amended by (1) S.R.O. No. 256, dated 17-8-74, (2) S.R.O. No. 380, dated 16-11-74, (3) S.R.O. No.120, dated 29-3-75, (4) SRO No. 211, dt. 14-6-75, (5) SRO No. 261, dt. 2-8-75, (6) S.R.O. No. 130, dated 29-5-76, (7) S.R.O.No 101, dated 21-4-79, (8) S.R.O. No. 356, dated 15-12-79 and SRO No. 88 dated 21-3-81.

[No. 87661|SC|Tech|Pers|RD-21 (a)]

T. P. SUNDRARAJAN, Under Secy

नई दिल्ली, 1 सितम्बर, 1981

का० नि० आ० 247.—केन्द्रीय सरकार, नौसेना अधिनियम, 1957 (1957 का 62) की धारा 184 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नौसेना (अनुशासन और प्रकीर्ण उपबन्ध) विनियम, 1965* का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. (1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम नौसेना (अनुशासन और प्रकीर्ण उपबंध) (प्रथम संशोधन) विनियम, 1981 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. नौसेना (अनुशासन और प्रकीर्ण उपबंध) विनियम, 1965 (जिसे इसमें इसके पश्चात् मूल विनियम कहा गया है) में,—

(1) विनियम के खण्ड (घ) के पश्चात् निम्नलिखित खण्ड अन्तः स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

(घघ) "कमान आफिसर" से ऐसा आफिसर या अन्य व्यक्ति अभिप्रेत है जिसके पास पोत या स्थापन की वास्तविक कमान है ;

(2) * * * *

(3) विनियम 7क में,—

(क) उपविनियम (1) में, "दण्ड सं० 6" शब्दों और अंक के स्थान पर "दण्ड सं० 3,5,6" शब्द और अंक रखे जाएंगे।

*नौसेना (अनुशासन और प्रकीर्ण उपबंध) विनियम 1965 के पूर्वतर संशोधन

क्रम सं०	संशोधित विनियम	संशोधन के लिए प्राधिकार (अर्थात् का० नि० आ० सं०)
1	2	3
1.	209(9)	15अ तारीख 15-5-67 (अ० सं० 183/67)
2.	221 [उपविनियम(1) का प्रतिस्थापन]	3 अ० ता० 27-3-68 (अ०सं० 546/68)
3.	7, 12, 21, 38, 41, 43, 65, 68, 70, 76	8 अ ता० 8-7-68
4.	नया विनियम 7क अन्तःस्थापित किया गया।	126, ता० 5-1-70
5.	198 उप विनियम (I) प्रतिस्थापित किया गया ।	65 ता० 21-1-71
6.	220 उपविनियम (II) अन्तःस्थापित किया गया।	314 ता० 14-8-71
7.	7, 13, 30, 36, 37, 38, 39,, 50, 51, 53, 56, 59, 78, 84, 222, 225, 234 परिशिष्ट ।	वर्ष, 1973
8.	73, 86, प्रतिस्थापित किया गया। प्ररूप 4 में परिशिष्ट I का संशोधन किया गया।	37 ता० 20-12-73
9.	समस्त विनियमों "ड्राफ्ट" शब्द और "एडवांसमेंट" शब्द के स्थान पर, जहां कहीं वह आता है क्रमशः "स्थानान्तरण" और "प्रोन्नति" शब्द रखे जाएंगे।	360 ता० 10-11-75
10.	7, 13, 16, 29, 30, 36, 37, 38 39, 50, 51, 53, 56, 59, 63, 74, 84, 103, 119, 222, 223, 234, और परिशिष्ट I संशोधित	199/74 ता० 10-9-74
11.	189	2 ता० 23-12-78

(ख) उपविनियम (4) में, "किसी रेट में अवनत" शब्दों के स्थान पर "किसी रैंक में अवनत" शब्द अन्तःस्थापित किए जाएंगे ;

(4) विनियम 13 के उपविनियम (1) में "सं० 7 आचरण के लिए द्वितीय श्रेणी में अवनत" शब्दों और अंक का लोप किया जाएगा;

(5) विनियम 14 में "दंड सं० 1 से 5 और 7 से 9" शब्द और अंक के स्थान पर "दंड सं० 1 से 5 और 8 तथा 9" शब्द और अंक रखे जाएंगे;

(6) विनियम 15 के उपविनियम (3) में "सं० 4,5" शब्द और अंक के पश्चात् आने वाले अंक "7" का लोप किया जाएगा ;

(7) विनियम 16 के उपविनियम (5) के स्थान पर निम्नलिखित उपविनियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(5) उन दंड वारंटों के साथ, जिनके लिए वरिष्ठ प्राधिकारी का अनुमोदन अपेक्षित है, कमान आफिसर द्वारा अभिलिखित साक्ष्य का सारांश लगाया जाएगा" ;

(8) विनियम 19 में,—

(क) उपविनियम ( ) में "कमान आफिसर" शब्द के पश्चात् "या उसके द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य आफिसर" शब्द जोड़े जाएंगे ;

(ख) उपविनियम (3) में "कार्टर डेक" शब्दों के बाद "या कोई अन्य उपयुक्त स्थान" शब्द अन्तःस्थापित किए जाएंगे ;

(ग) उपविनियम (4) में "कार्टर डेक" शब्दों के पश्चात् "या किसी अन्य उपयुक्त स्थान" शब्द अन्तःस्थापित किए जाएंगे ;

(9) विनियम 29 के उपविनियम (4) के स्थान पर निम्नलिखित उपविनियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(4) यदि दिए जाने वाले दंड के वारंट दंड होने की संभावना है जिसमें वरिष्ठ आफिसर का अनुमोदन अपेक्षित है तो साक्षियों द्वारा दिए गए साक्ष्य का सारांश अभिलिखित किया जाएगा";

(10) विनियम 34 में उपविनियम (6) के पश्चात् निम्नलिखित उपविनियम अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(7) जब कभी ऐसे अपराधी पर कमान आफिसर द्वारा दण्डादेश पारित किया जाएगा जो इस विनियमों के अधीन किसी पूर्ववर्ती अपराध के लिए पहले से ही निरोध या कारावास के दंड के अधीन है तो कमान आफिसर उस अपराध के लिए जिसके लिए वह विचाराधीन है, निरोध या कारावास का दंड दे सकेगा जो उस निरोध या कारावास के अवसान पर प्रारम्भ होगा जिसके लिए वह पहले दण्डादिष्ट किया गया था :

परन्तु इस उपनियम के अनुसरण में किसी व्यक्ति को, निरोध या दिए गए कारावास के दण्ड की उतनी अवधि,

जो विनियम 13 के उपविनियम (1) में यथा विनिर्दिष्ट तीन मास की अधिकतम अवधि से निरोध की अवधि को बढ़ा देगी, माफ की गई समझी जाएगी ।" ;

(11) विनियम 37 के उपविनियम (3) के स्थान पर निम्नलिखित उपविनियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(3) पदच्युति के दण्ड में अच्छे आचरण पदक से वंचित किए जाने के सिवाए, कोई अन्य दण्ड स्वतः समाविष्ट नहीं होगा"।

यदि समुचित हो तो रैंक में अवनति या अच्छे आचरण पदक (पदकों) से वंचित किए जाने के दण्ड को दण्ड में सम्मिलित किया जाएगा ।

(12) विनियम 38 में उपविनियम (2) के पश्चात् निम्नलिखित उपविनियम जोड़ा जाएगा, अर्थात् :—

"यदि किसी मुख्य पैटी आफिसर को रैंक में संक्षेपतः अवनत किया जाता है तो उसे नौसेना से निर्मुक्त होने का विकल्प दिया जाएगा"

(13) विनियम 40 के स्थान पर निम्नलिखित विनियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"40-सिविल अपराधों की बाबत जुर्माना (सं० 5)— (1) जब कोई नाविक किसी सिविल अपराध का दोषी पाया जाता है तो उस पर दो सौ पचास रुपये का जुर्माना संक्षेपतः अधिरोपित किया जा सकेगा और जुर्माने की राशि पोत अग्रिमधन खाते में जमा की जाएगी ।

(2) उपविनियम (1) के अधीन जुर्माने का दण्डादेश पारित करने वाला कमान आफिसर वसूल की गई रकम को पूर्णतः या भागतः किसी व्यक्ति को प्रतिकर के रूप में संदत्त किए जाने के लिए उपयोजित करने का आदेश दे सकेगा जिसे उक्त अपराध के कारण कोई हानि या क्षति हुई है।"

(14) विनियम 41 के उपविनियम (5) में "और नाविकों को छुट्टी भंग करने के आचरण के लिए द्वितीय श्रेणी में तब तक अवनत नहीं किया जाएगा जब तक कि वह गम्भीर या चौथी बार (या उससे अधिक बार) पुनरावृत्त किया गया अपराध नहीं है" शब्दों का लोप किया जाएगा ।

(15) "आचरण (सं० 7) के लिए द्वितीय श्रेणी में अवनति" शीर्षक और उसके अधीन विनियम 51 से 54 का लोप किया जाएगा ;

(16) विनियम 55 के उपविनियम (3) में "80° फा०" अंक और अक्षर के स्थान पर "30° सें० (सेंटीग्रेड)" अंक, अक्षर शब्द रखे जाएंगे ;

(17) विनियम 56 के स्थान पर निम्नलिखित विनियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"56 मुख्य रैंक धारण करने वाले नाविक जो रैंक में अवनत किए जा सकते हैं, सेल से दंडाविष्ट नहीं किए जाएंगे और ऐसे नाविक जो मुख्य रैंक धारण करते हैं और जिन्हें रैंक में अवनत नहीं किया जा सकता है, उन्हें सेल का दण्ड दिया जा सकता है, किन्तु यह केवल निम्नलिखित अपराधों की दशा में ही होगा :—

(क) घोर अनधीनता ;

(ख) अभित्यजन और पदस्थान का अभित्यजन ।

(ग) पहरा पर सो जाना ;

(घ) बेइमानी

(ङ) तस्करी

(च) छुट्टी के बिना पोत नौका या कार्यबल को छोड़ना ;

(छ) ड्यूटी पर मस्ती ;

(ज) छुट्टी के बिना अनुपस्थित रहने का गंभीर अपराध करना या उनकी चौथी (या पश्चातवर्ती) पुनरावृत्ति ;

(झ) सेंसर विनियमों का अति घोर उल्लंघन ;

(ञ) तट पर गम्भीर अवचार जब सिविल प्राधिकारी द्वारा कार्रवाई न की गई हो ;

(ट) कर्तव्य की लगातार उपेक्षा ।" ;

(18) विनियम 58 में,—(क) उपविनियम (2) के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाएगा, अर्थात् :—

(क) अनुकल्पतः अपराधी को ऐसे उत्पादनशील और उपयोग कार्य दिए जा सकते हैं जो उसने पहले ही सीख रखे हैं या जो वह आसानी से सीख सकता है ।" ;

(ख) उपविनियम (3) में "अनुज्ञा दी जाएगी" शब्दों के स्थान पर "अनुज्ञा नहीं दी जाएगी" शब्द रखे जाएंगे ।

(19) विनियम 59 के उपविनियम (6) में खंड (क) का लोप किया जाएगा ;

(20) विनियम 63 के उपविनियम (1) के खण्ड (ग) में "आचरण के लिए द्वितीय श्रेणी में अवनति" शब्दों के स्थान पर "रैंक में अवनति " शब्द रखे जाएंगे ;

(21) विनियम 64 में "मुख्य भेट" शब्दों के स्थान पर "मुख्य रैंक" शब्द रखे जाएंगे ।

(22) अध्याय 3 के शीर्षक में, "प्रशिक्षणाधीन" शब्द का लोप किया जाएगा ;

(23) विनियम 74 में,—

(क) प्रारम्भिक वाक्य में "प्रशिक्षणाधीन" शब्द का लोप किया जाएगा,

(ख) खंड सं० 6 और उससे संबंधित प्रविष्टि का लोप किया जाएगा ;

(24) निम्नलिखित प्रत्येक विनियम में विद्यमान पार्श्वशीर्ष के स्थान पर निम्नलिखित पार्श्वशीर्ष रखा जाएगा अर्थात् :—

(i) "72 सेल में परिरोध (सं० 4)"

(ii) 80 "अलग थलग रखना (सं० 5)"

(iii) 82 "छुट्टी रोक देना (सं० 8)"

(iv) 83 "अतिरिक्त ड्रिल (सं० 10)"

(v) 84 "रैंक में अवनति (सं० 11)" ;

(25) विनियम 81 का लोप किया जाएगा ;

(26) विनियम 93 में "आपात" शब्द के स्थान पर "अत्यावश्यकता" शब्द रखे जाएंगे ;

(27) विनियम 94 के उपनियम (1) में,—

(i) खण्ड (1) में "नौसेनाध्यक्ष" शब्दों के स्थान पर "पोत का कमान आफिसर" शब्द रखे जाएंगे ;

(ii) खण्ड (ख) में "आफिसर" शब्द के पश्चात् "या मास्टर मुख्य पैटी आफिसर या मुख्य पैटी आफिसर" शब्द जोड़े जाएंगे ;

(28) विनियम 115 के पूर्व और सिविल प्राधिकारी शीर्षक के अधीन निम्नलिखित विनियम अन्तःस्थापित किया जाएगा ;

"114क मजिस्ट्रेट के समक्ष आरोपित नौसेना अधिनियम के अध्यधीन व्यक्ति :—

उन मामलों मे, जिनमें कोई व्यक्ति जो नौसेना विधि के अध्यधीन है और जो किसी मजिस्ट्रेट के समक्ष लाया जाता है जो किसी ऐसे अपराध से आरोपित है जिसके लिए वह सेना न्यायालय के अधीन विचारण किए जाने का दायी है, अनुसरण की जाने वाली प्रक्रिया वह होगी जो परिशिष्ट 4 मे है ,

(29) विनियम 115 के उपविनियम (2) के स्थान पर निम्नलिखित उपविनियम रखा जाएगा :—

"(2) नौसेना की अभिरक्षा में किसी आफिसर या नाविक पर किसी सिविल न्यायालय में विचारण के लिए सिविल प्राधिकारियो द्वारा माग, उच्च न्यायालय द्वारा बन्दी-प्रत्यक्षीकरण की प्रकृति के निदेश या सरकार के इस निमित आदेश के अधीन ही की जाएगी अन्यथा नही" .

(30) विनियम 121 के स्थान पर निम्नलिखित विनियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"121 सिविल न्यायालय द्वारा किसी आफिसर की दोषसिद्धि .—(1) जहां किसी सिविल न्यायालय द्वारा सिद्धदोष ठहराए जाने पर केन्द्रीय सरकार या नौसेनाध्यक्ष यह समझता है कि आफिसर का आचरण जिस पर उसकी दोष सिद्धि हुई है, ऐसा है कि उसको आगे सेवा मे रखना अवांछनीय है, वहां सिद्धदोष ठहराने वाले न्यायालय के निर्णय को अनुप्रमाणित प्रति उपनियम (2) में यथाविनिर्दिष्ट रीति में उस आफिसर की सेवा को समाप्त करने के लिए नौसेना अध्यक्ष की सिफारिश के साथ केन्द्रीय सरकार को भेजी जाएगी ;

(2) केन्द्रीय सरकार को उपविनियम (1) के उपबन्धों के अधीन मामला भेजते समय नौसेनाध्यक्ष यह सिफारिश करेगा कि उस आफिसर की सेवा समाप्त की जानी चाहिए या नही और यदि की जानी चाहिए तो उस आफिसर को

(क) सेवा से पदच्युत किया जाना चाहिए ; या

(ख) सेवोन्मुक्त किया जाना चाहिए , या

(ग) सेवानिवृत्त होने के लिए ; या

(घ) पदत्याग करने के लिए अपेक्षा की जानी चाहिए ।

(3) केन्द्रीय सरकार, सिविल न्यायालय के निर्णय और नौसेनाध्यक्ष की सिफारिश पर विचार करने के पश्चात् उस आफिसर को पेंशन के साथ या पेंशन के बिना सेवा से पदच्युत या सेवान्मुक्त कर सकेगी या सेवानिवृत्त होने या पद त्याग करने के लिए उससे अपेक्षा कर सकेगा और उसके ऐसा करने से इन्कार करने पर उस आफिसर को अनुज्ञेय पेंशन या उपदान पर यदि कोई हो, अनिवार्य रूप से सेवा निवृत्त किया जा सकेगा ।" ;

(31) विनियम 136 में,—

(क) उपविनियम (1) मे "दोषी पाया जाता है" शब्दो के पश्चात् "अच्छा आचरण बैंज समपहृत कर लिया जाएगा और" शब्द अन्तःस्थापित किए जाएंगे ,

(ख) उपविनियम (1) में "एस० एम० और जी० सी० पदक" अक्षरों और शब्दो के पश्चात् "अच्छा आचरण बैंज" शब्द अन्तःस्थापित किए जाएंगे ;

(32) विनियम 138 के उपविनियम (1) के स्थान पर निम्नलिखित उपविनियम रखा जाएगा, अर्थात् —

"(1) अभित्याजक की गिरफ्तारी और उसके बाद उसके मामले को निपटाने की बाबत अनुसरण की जाने वाली प्रक्रिया, दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) की धारा 43 की उपधारा (1), धारा 56 और धारा 475 तथा अधिनियम की धारा 83, 84 और 85 के उपबंधों के अनुसार शासित होगी।" ;

(33) विनियम 139 के स्थान पर निम्नलिखित विनियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"139 जब मजिस्ट्रेट के समक्ष आरोपित किया जाए :— दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) की धारा 41 की उपधारा (1) के अधीन कोई भी व्यक्ति भारतीय नौसेना का अभित्याजक होने के संदेह पर वारंट के बिना गिरफ्तार किया जा सकता है और जब वह इस प्रकार गिरफ्तार किया जाता है तो गिरफ्तार करने वाला पुलिस अधिकारी उसे मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करेगा ।" ,

(34) विनियम 146 के उपविनियम (1) मे "5 रु०" अंक और शब्द के स्थान पर "100 रु" अंक और शब्द रखे जाएंगे ;

(35) विनियम 155 के उपविनियम (3) के स्थान पर निम्नलिखित उप विनियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

(3) प्रत्येक आरोप पत्र के प्रारम्भ मे आरोपित व्यक्ति का नाम और वर्णन रहेगा और उसमें उसका रैंक, संख्या और उस पोत का नाम जिसका वह है, लिखा होगा ;

(36) विनियम 158 के स्थान पर निम्नलिखित विनियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"158 परिस्थिति पत्र का संशोधन—संयोजक प्राधिकारी परिस्थिति पत्र का ऐसे संशोधन कर सकता है जैसे उसे लगाए गए आरोप और साक्ष्य के सारांश के आधार पर आवश्यक प्रतीत हो । ऐसे मामले मे परिस्थिति पत्र के प्रथम पृष्ठ के शीर्ष पर संकेत-लिपि में टिप्पण "संयोजक प्राधिकारी द्वारा यथा संशोधित" लिखा जाएगा और सभी संशोधन, संयोजक प्राधिकारी द्वारा अपने हस्ताक्षर से अनुप्रमाणित किए जाएंगे । अंतिम रूप से अनुमादित परिस्थिति पत्र पर संयोजक प्राधिकारी के हस्ताक्षर होंगे जिससे उसका अनुमोदन उपदर्शित होता है।" ;

(37) विनियम 177 के स्थान पर निम्नलिखित विनियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"177 जब अभियुक्त अपने दोषी होने का अभिवचन करे :—इससे पूर्व कि न्यायालय दोषी होने का अभिवचन अभिगृहीत करे और विचारण के लिए कोई अन्य आरोप नही है तो न्यायालय अभियोजक व परिस्थिति-पत्र पढ़ने का आदेश देगा ।" ;

(38) विनियम 185 के पश्चात् निम्नलिखित विनियम अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"185-क नौपरिवहन संबंधी मामलों में निष्कर्ष के कारण :—"दोषी होने" या "दोषी न होने के" निष्कर्ष के कारण, जिसके अन्तर्गत वे मामले भी है जिनमें न्यायालय द्वारा 55 और 55क के अधीन आरोप मे "कि ऐसा कोई मामला बनता ही नही जिसका उत्तर दिया जाए" का अभिवचन अभिगृहीत कर लेना है, लेखबद्ध किए जाएंगे ।" ,

(39) विनियम 187 के पूर्व "साधारण" शब्द केन्द्रीय शीर्षक के रूप में अन्तःस्थापित किया जाएगा ;

(4) विनियम 193 के पश्चात् निम्नलिखित विनियम अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"193क लघु दंड देने की सेना न्यायालय की शक्ति :—

उन लघु दंडों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना जो नौसेना रूढ़ि के अनुसार दिए जा सकते हैं सेना न्यायालय इन विनियमों के उपबंधों के अनुसार निम्नलिखित दंड दे सकता है—

(क) मेस में या केनवेस पर्दे के अन्दर चौदह दिन से अनधिक अवधि का एकान्त परिरोध (सं० 9) ;

(ख) अच्छा आचरण बेज और अच्छा आचरण पदक से वंचित किया जाना (सं० 9) ,

(ग) चौदह दिन से अनधिक अवधि के लिए अतिरिक्त कार्य और ड्रिल (सं० 11) ;

(घ) साठ दिन से अनधिक की अवधि के लिए छुट्टी रोक दिया जाना (सं० 12) ,

(ङ) सात दिन से अनधिक की अवधि के लिए एक दिन में दो घंटे अतिरिक्त कार्य और ड्रिल (सं० 13) ;

(41) विनियम 209 में निम्नलिखित स्पष्टीकरण अन्त में जोड़ा जाएगा, अर्थात् :—

"स्पष्टीकरण इस विनियम के प्रयोजन के लिए "कार्यवाहियों" के अन्तर्गत बोर्ड के निष्कर्ष भी होंगे किन्तु बोर्ड की सिफारिश उसके अन्तर्गत नहीं होगी।" ;

(42) विनियम 215 में, —

(i) उपविनियम (1) में, "आफिसरों द्वारा पढ़ा गया शब्दों शब्दों के स्थान पर "आफिसर द्वारा पढ़ा गया" शब्द रखे जाएंगे ;

(ii) उपविनियम 3 का लोप किया जाएगा ;

(43) विनियम 216 में,

(i) उपविनियम (4) का लोप किया जाएगा ;

(ii) उपविनियम (5) में,

(क) "या उपविनियम (4)" शब्दों, अंक और कोष्ठक का लोप किया जाएगा ;

(ख) विद्यमान खंड (क), (ख) और (ग) को क्रमशः खंड (ख), (ग) और (घ) के रूप में पुनः अक्षरांकित किया जाएगा और इस प्रकार पुनः अक्षरांकित खंड (ख) के पूर्व निम्नलिखित खंड अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(क) नौसेना सेवा से पदच्युत , या"

(iii) उपविनियम (6) में,

(क) "या सिविल न्यायालय के निर्णय" शब्दों का लोप किया जाएगा ;

(ख) "सेवोन्मुक्त कर सकेगा" शब्दों के स्थान पर "पदच्युत या सेवोन्मुक्त कर सकेगा" शब्द रखे जाएंगे ;

(44) विनियम 219 के स्थान पर निम्नलिखित विनियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"219 वह तारीख जिससे पदच्युति, सेवोन्मुक्ति सेवानिवृत्ति, पदत्याग प्रभावी होंगे :— (1) किसी आफिसर का धारा 15 के अधीन पदच्युत या सेवोन्मुक्त किया जाना या ऐसे आफिसर की सेवानिवृत्ति या पदत्याग, उस तारीख से प्रभावी होगा जो यथास्थिति पदच्युति, सेवोन्मुक्ति सेवानिवृत्ति पदत्याग या निर्मुक्ति के आदेश में उस निमित्त विनिर्दिष्ट की जाए और सम्यक् प्रकाश में उसे राजपत्र में प्रकाशित किया जाएगा।,

(2) नौसेना विधि के अधीन व्यक्तियों की पदच्युति सेवोन्मुक्ति, सेवानिवृत्ति, पदत्याग या निर्मुक्ति का प्रभाव भूतलक्षी नहीं होगा।" ,

(45) विनियम 222 में,—

(1) उपविनियम (2) के स्थान पर निम्नलिखित उपविनियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(2) गैर तात्विक नौसैनिकों की दशा में "मास्टर चीफ साहिब" या "मुख्य पैटी आफिसर", या "पैटी आफिसर" जैसे उपपद या तत्समान उप पद सभी रैंकों द्वारा उस समय प्रयोग किए जाएंगे जब वे उन रैंकों को धारण करने वाले नौसैनिकों को सम्बोधित करें या उनसे बात करें।" ;

(ii) उपविनियम (3) में "पैटी आफिसर" शब्दों के स्थान पर "पैटी आफिसरों" शब्द रखे जाएंगे ;

(iii) उपविनियम (8) में, "भारतीय" शब्द का लोप किया जाएगा ,

(iv) उपविनियम (9) में, "निम्नतर" शब्द के स्थान पर "कनिष्ठ" शब्द रखा जाएगा,

(46) * * * *

(47) विनियम 230 में "भारतीय नौसैनिक पोत" शब्दों के स्थान पर "पोत" शब्द रखा जाएगा।

(48) विनियम 231 के उपविनियम (2) में "आफिसरों या अन्यों" शब्दों के स्थान पर "कार्मिक" शब्द रखा जाएगा ,

(49) विनियम 232 में ,—

(i) "भारतीय नौसेना पोत या वायुयान" शब्दों के स्थान पर "भारतीय नौसेना का पोत या वायुयान" शब्द रखे जाएंगे ;

(ii) खंड (क) में "पोत" शब्द के पश्चात् "या वायुयान" शब्द जोड़े जाएंगे ,

(50) विनियम 239 के उपविनियम (3) के स्थान पर निम्नलिखित उपविनियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(3) यदि परिवादी अपने परिवाद पर निर्णय से संतुष्ट नहीं है या यदि वह यथास्थिति अपने परिवाद के पेश किए जाने के या अगले वरिष्ठ प्राधिकारी को प्रेषित किए जाने के एक मास के भीतर मांगा गया प्रतितोष प्राप्त नहीं करता है तो वह यह प्रार्थना कर सकेगा कि उसकी शिकायत अगले वरिष्ठ प्राधिकारी को और इसी प्रकार नौसेनाध्यक्ष को उप विनियम (1) और (2) के अनुसार कार्यवाही किए जाने के लिए अग्रेषित की जाए और अंततः सरकार को अग्रेषित की जाए और ऐसी सभी प्रार्थनाओं का अनुवर्तन किया जाएगा। यदि परिवादी को अपने परिवाद के प्रस्तुत किए जाने के छह मास के भीतर अंतिम उत्तर प्राप्त नहीं होता है तो परिवादी द्वारा अगले वरिष्ठ प्राधिकारी के समक्ष सीधे अपील करना न्यायोचित होगा।

(51) परिशिष्ट 2 के पैरा 5 के खंड (ख) के स्थान पर निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(ख) उन मामलों को छोड़कर जिसमें केन्द्रीय सरकार हितबद्ध हो पलीडर या अधिवक्ता को दी जाने वाली अधिकतम राशि उस राशि से अधिक नहीं होगी जो सरकारी प्लीडर या अधिवक्ता को संदेय है जो केन्द्रीय सरकार द्वारा नियत की गई है" ;

(52) परिशिष्ट 3 के पश्चात् निम्नलिखित परिशिष्ट अन्तःस्थापित किया जाएगा :—

"परिशिष्ट 4"

नौसेना अधिनियम के अध्यधीन का ऐसा व्यक्ति जो मजिस्ट्रेट के समक्ष ऐसे अपराधों से आरोपित है जो सेना न्यायालय द्वारा विचारणीय हैं।

"भारत सरकार के गृह मंत्रालय की अधिसूचना सं० का० आ० 488 तारीख 9 फरवरी, 1978 , उन मामलों में प्रक्रिया जिनमें सेना या नौसेना या वायुसेना विधि के अध्यधीन व्यक्ति को ऐसे अपराध से आरोपित करके जिसके लिए वह सेना न्यायालय द्वारा विचारण का भी भागी है मजिस्ट्रेट के समक्ष लाया जाता है।"

"का० आ० 488 केन्द्रीय सरकार, दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) की धारा 475 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, और दंड न्यायालय और सेना न्यायालय (अधिकारिता का समायोजन) नियम, 1952 को अधिक्रान्त करते हुए, थल सेना, जल सेना या वायु सेना विधि, या संघ के सशस्त्र बलों से संबंधित किसी अन्य विधि, के अधीन व्यक्तियों के उस न्यायालय द्वारा, विचारण के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:—

1. इन नियमों का नाम दंड न्यायालय और सेना न्यायालय (अधिकारिता का समायोजन) नियम 1978 है।

2. इन नियमों, में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो ।

(क) "कमान अधिकारी" से,

(i) यह सेना संबंधी विधि के अधीन व्यक्ति के संबंध में यूनिट का, जिसका कि ऐसा व्यक्ति अंग है या जिससे वह संलग्न है, कमान आफिसर अभिप्रेत है ;

(ii) नौसेना संबंधी विधि के अधीन व्यक्ति के संबंध में उस पोत या नौस्थापन का जिससे ऐसा व्यक्ति तत्समय संलग्न है, कमान अफिसर अभिप्रेत है ;

(iii) वायु सेना संबंधी विधि के अधीन व्यक्ति के संबंध में उस यूनिट का जिसका कि ऐसा व्यक्ति अंग है या जिससे वह संलग्न है, तत्समय कमान आफिसर अभिप्रेत है ;

(ख) "सक्षम वायु सेना प्राधिकारी" से वायु सेनाध्यक्ष, या किसी कमांड, ग्रुप, विंग या स्टेशन का वायु, या अन्य कमान आफिसर जिसमें अभियुक्त व्यक्ति सेवा कर रहा है या जहां ऐसा व्यक्ति किसी फील्ड एरिया में सेवा कर रहा है वहां फील्ड में बलों या वायु सेवा का कमान आफिसर अभिप्रेत है।

(ग) "सक्षम थल सेना प्राधिकारी" से सेना कर्मचारिवृन्द प्रमुख या थल सेना, थल सेना कोर, डिवीजन, क्षेत्र, उपक्षेत्र या स्वतन्त्र ब्रिगेड का, जिसमें अभियुक्त सेवा कर रहा है, कमान आफिसर, और सेना अधिनियम, 1950 (1950 का 46) की धारा 69 के अधीन आने वाले मामलों को जिनमें मृत्यु हो गई है, छोड़कर ब्रिगेड या उपक्षेत्र या स्टेशन का, जिसमें अभियुक्त व्यक्ति सेवा कर रहा है, कमान आफिसर अभिप्रेत है ;

(घ) "सक्षम नौसेना प्राधिकारी" से नौसेनाध्यक्ष या प्रमुख फ्लैग आफिसर कमान पश्चिमी नौसेना कमान मुम्बई या प्रमुख फ्लैग आफिसर कमान, पूर्वी नौसेना कमान विशाखापटनम या फ्लैग आफिसर कमान, दक्षिणी नौसेना क्षेत्र कोचिन या फ्लैग आफिसर कमान, पश्चिमी फ्लीट या फ्लैग आफिसर कमान, पूर्वी फ्लीट या ज्येष्ठ नौसेना अधिकारी जहां अभियुक्त व्यक्ति सेवा कर रहा हो।

3. जहां कि थल सेना, नौसेना या वायुसेना संबंधी विधि या संघ के सशस्त्र बलों से संबंधित किसी तत्समय प्रवृत्त अन्य विधि के अधीन कोई व्यक्ति किसी मजिस्ट्रेट के समक्ष लाया जाता है और उस पर ऐसा अपराध आरोपित किया जाता है जिसके लिए वह सेना न्यायालय द्वारा भी विचारण किये जाने का भी भागी है, वहां ऐसा मजिस्ट्रेट ऐसे व्यक्ति का विचारण करने की या सत्र न्यायालय द्वारा विचारण के लिए उसकी सुपुर्दगी करने की दृष्टि से जांच करने की कार्यवाही तब तक नहीं करेगा जब तक कि —

(क) थलसेना, नौसेना या वायुसेना के सक्षम प्राधिकारी द्वारा उसके लिए उसे समावेदन नहीं किया जाता है।

(ख) उन कारणों से जो लेखबद्ध किए जाएंगे, उसकी यह राय न हो कि उसे उन व्यक्तियों का इस प्रकार विचारण होना चाहिए उस प्राधिकारी द्वारा उसके लिए समावेदन के बिना भी ऐसी कार्यवाही की सुपुर्दगी करनी चाहिए।

4. नियम 3 के खंड (ख) के अधीन कार्यवाही करने के पूर्व मजिस्ट्रेट अभियुक्त के कमान आफिसर या यथास्थिति सक्षम थल सेना नौसेना या वायु सेना प्राधिकारी को एक लिखित सूचना देगा, और तब तक कि ऐसी सूचना को तामील होने के दिन से पन्द्रह दिन की अवधि समाप्त न हो जाए तब तक वह—

(क) दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1972 का 2) की धारा 252, धारा 255 की उप धाराओं (1) और (2), धारा 256 की उपधारा (1) या धारा 257 के अधीन अभियुक्त को सिद्ध दोष या दोषमुक्त नहीं करेगा और न ही उक्त संहिता की धारा 254 के अधीन अभियुक्त को उसकी प्रतिरक्षा में सुनेगा , या

(ख) उक्त संहिता की धारा 240 या धारा 246 की उपधारा (1) के अधीन अभियुक्त के विरुद्ध लिखित रूप में कोई आरोप विरचित नहीं करेगा , या

(ग) उक्त संहिता की धारा 209 के अधीन विचारण के लिए सत्र न्यायालय को अभियुक्त की सुपुर्दगी का आदेश नहीं देगा ; या

(घ) मामले को उक्त संहिता की धारा 192 के अधीन जांच या विचारण के लिए अन्तरित नहीं करेगा।

5. जहां कि नियम 3 के खंड (क) के अधीन, यथास्थिति थल सेना, नौसेना या वायु सेना के सक्षम प्राधिकारी मजिस्ट्रेट को समावेदन किया गया है और अभियुक्त का कमान आफिसर या यथास्थिति थल सेना, नौसेना या वायु सेना का सक्षम प्राधिकारी ऐसे मजिस्ट्रेट को तत्पश्चात् सूचना देता है कि ऐसे आफिसर या प्राधिकारी की राय में अभियुक्त का विचारण अधिविष्ट सेना न्यायालय द्वारा होना चाहिए वहां ऐसा मजिस्ट्रेट यदि उसने ऐसी सूचना प्राप्त करने के पूर्व नियम 4 के खंड (क), (ख), (ग) और (घ) में निर्दिष्ट कोई कार्य नहीं किया है या कोई आदेश नहीं किया है तो कार्यवाही रोक देगा और यदि अभियुक्त उसकी शक्ति या उसके नियंत्रण के अधीन है तो उसे उसके इस प्रकार उक्त संहिता की धारा 475 में निर्दिष्ट कथन के साथ उक्त उपधारा में विनिर्दिष्ट आफिसर को पश्चिम कर देगा।

